समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Monday, 21 September 2026

# भारत के खिलाफ जहर उगलने वाले शाहिद अफरीदी ने विराट कोहली के संन्यास पर दिया रिएक्शन, जाने क्या कहा।

Publisher

Published on 13 May 2025



## भारत के खिलाफ लगातार जहल उगलने वाले शाहिद अफरीदी का विराट कोहली के रिटायरमेटं पर रिएक्शन आया है. अफरीदी ने कोहली की जमकर तारीफ की है.

शाहीद अफरीदी का विराट कोहली के रिटायरमेंट पर आया रिएक्शन।
विराट कोहली ने सोमवार को टेस्ट क्रिकेट से रिटायरमेंट लेकर सभी को हैरान कर दिया है. कोहली के रिटायरमेंट पर दुनिया भर के लोगों का रिएक्शन आ रहा है. ऐसे में भारत देश के खिलाफ अक्सर जहर उगलने वाले शाहिद अफरीदी का रिएक्शन भी आया है. अफरीदी ने कोहली की जमकर तारीफ की है.

भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर चलाकर पाकिस्तान के 9 आतंकी ठिकानों को तबाह कर दिया था. भारत ने इसी के साथ पहलगाम में हुए आतंकी हमले का बदला भी ले लिया. जहां 26 मासूम लोगों ने अपनी जान गंवा दी थी.

अफरीदी इसके बाद से ही लगातार भारत और भारतीय सेना के खिलाफ आग उगल रहा था. अफरीदी ने पहलगाम हमले का भारत से सबूत भी मांगा था. हालांकि अब उसने भारतीय दिग्गज खिलाड़ी कोहली की जमकर तारीफ की है.

अफरीदी ने इंस्टाग्राम पर कोहली की फोटो शेयर करते हुए लिखा, “शानदार करियर के लिए बधाई. आपके पैसन, इंटेनसिटी और प्रोफेसनलिज्म ने टेस्ट क्रिकेट में नए मानक स्थापित किए. ये फॉर्मेट आपके प्रजेंस और खेल के जज्बे को हमेशा मिस करेगा.”

कोहली का टेस्ट करियर शानदार रहा है. कोहली भारत के लिए सबसे ज्यादा टेस्ट शतक लगाने वाले चौथे खिलाड़ी हैं. वहीं टेस्ट में भारत के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में भी वो चौथे नंबर पर हैं. कोहली भारत के लिए सबसे ज्यादा दोहरा शतक लगाने वाले खिलाड़ी हैं.

कोहली ने 123 टेस्ट मैच खेले हैं. इस दौरान उन्होंने 46.85 की औसत से 9230 रन बनाए हैं. कोहली ने 30 शतक और 31 अर्धशतक लगाए हैं. कोहली ने भारत के लिए सबसे ज्यादा 7 दोहरा शतक लगाए हैं.

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.